

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+15 अंक 106 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 14 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# श्रीमती प्रियंका गांधी और कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज, कराकर शिवराज सरकार ने स्वीकार किया कि वह भ्रष्टाचारी है - कांग्रेस

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने उक्ताशय की बात कही है और दैनिक यशोन्नति को सूचित करते हुये कहा है कि वह एक धार्मिक कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण प्रत्यक्ष चर्चा नहीं कर पा रहे है और उन्होंने प्रदेश की शिवराज सरकार के कारनामें छपाने का आग्रह किया है । कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सरकार पर आरोप लिखित भेजे है शब्दशः उन्हें प्रकाशित किया जा रहा है**

## शिवराज सरकार में 50 प्रतिशत कमीशन का झूठ बेनकाब मध्य प्रदेश की जनता अब शिवराज को मिस्टर घोटाला कहने लगी है

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमिशन राज की शिवराज सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई नेताओं पर पूरे प्रदेश में मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस चोरी और सीना जोरी की इस कार्यवाही का विरोध और घोर निंदा करती हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प लेता है कि वह आदरणीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में इस कमीशन राज की शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकेगा और मध्य प्रदेश को कमीशन राज और घोटालों से मुक्ति दिलाएगा।


मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को उजागर करने वाले पेटी कांट्रे टर भाई का बहुत-बहुत धन्यवाद, इस पत्र को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने वाले पत्रकार साथियों का बहुत धन्यवाद। और इन समाचारों को ट्वीट कर पूरी दुनिया के सामने शिवराज सिंह चौहान सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव सहित सभी नेताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद।

मध्यप्रदेश में आखिरकार आधिकारिक रूप से शिवराज सिंह चौहान सरकार का 50 प्रतिशत का कमीशन राज सामने आ गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश को एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें हाईकोर्ट के मु य न्यायाधीश से एक ठेकेदार ने फरियाद की कि 50 प्रतिशत कमीशन के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पत्र को मध्य प्रदेश के मीडिया ने प्रमुखता से उठाया।

सरकारी ठेकों में किस कदर भ्रष्टाचार हो रहा है इसे इस बात से समझा जा सकता है कि आज 13 अगस्त के दिन पिछले साल कारम बांध टूट गया था, 300 करोड रुपए की लागत से बना यह बांध पहली बरसात भी नहीं झेल पाया था, इसकी वजह 50 प्रतिशत कमिशन नहीं तो और` या थी?

मध्य प्रदेश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार में घोटाला होने की खबर आप सबके सामने है। महाकाल लोक के निर्माण में भी जिस तरह घोटाला किया गया, वह वहां गिरी सप्त ऋषि की मूर्तियां अपने आप बयान करती हैं। जरा सी बाढ़ में कारम डैम का बह जाना बताता है कि मध्य प्रदेश में ठेकेदारी में कितना कमीशन चल रहा है।

ि शवराज जी ने डंपर घोटाले के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी और 18 साल के कार्यकाल में उन्होंने घोटाले करने का कीर्तिमान बना दिया है। नदी में घोटाला, पहाड़ में घोटाला, स्कूल में घोटाला, शिक्षा में घोटाला, भोजन में घोटाला, भजन में घोटाला, अस्पताल में घोटाला, इलाज में घोटाल, रेमडेसीविर इंजे शन में घोटाला, कोरोनाकाल में हुई मृत्यु छुपाने में



घोटाला, पुलिस भर्ती में घोटाला, पटवारी भर्ती में घोटाला, नर्सिंग कॉलेज में घोटाला, पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती घोटाला। आकाश से लेकर पाताल तक शिवराज सिंह चौहान ने घोटाले की झड़ी लगा दी है। अब तो मध्य प्रदेश की जनता इस सरकार को कमीशन राज सरकार और सरकार के मुखिया को मिस्टर घोटाला कहने लगी है।

आप सबको याद होगा कि मई 2018 में एक मीडिया संस्थान ने मध्य प्रदेश में हर विभाग के घोटाले का पूरा विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी किया था। उस रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि मध्य प्रदेश में 51 प्रतिशत लोग यह स्वीकार करते हैं कि सरकारी काम के लिए उन्हें रिश्वत देनी पड़ती है।

जिस भाई ने हाई कोर्ट को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन और घोटाले को उजागर किया है उसने अपनी तरफ से कमीशन की राशि को थोड़ा कम ही बताया है।

अभी ज्यादा दिन नहीं हुए भोपाल के आरटीओ को इसलिए हटाया गयो योंकि आरटीओ द तर में होने वाले लेनदेन की चिट्ठी एक प्रतिष्ठित अखबार ने प्रकाशित कर दी थी।

घोटालों में आकंठ डूबे होने के बावजूद शिवराज सरकार भ्रष्टाचार से दूर रहने और भ्रष्टाचारियों को सजा देने के बजाय भ्रष्टाचार उजागर करने वाले नेताओं के ऊपर मुकदमे कर रही है। मध्यप्रदेश का एक-एक नागरिक जानता है कि उसे छोटा से छोटा काम करने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है। 50 प्रतिशत कमीशन तो बहुत छोटी बात है शिवराज सरकार में कोई काम ऐसा नहीं है जिसके लिए पैसा दो काम लो का सिद्धांत लागू ना होता हो।

शिवराज सरकार ने हर घोटाले की शुरुआत में यही कहा है कि घोटाला नहीं हुआ है, शिकायत करने वाला फर्जी है और शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज करना और उत्पीड़न करना इस सरकार की आदत बन गई। इन्होंने व्यापम घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन अंत में सुप्रीम कोर्ट ने खुद मामला अपने हाथ में लिया। भाजपा सरकार ने नर्सिंग कॉलेज घोटाले को स्वीकार नहीं किया लेकिन हाईकोर्ट ने घोटाले पर मोहर लगा दी। शिवराज सरकार ने पहले पटवारी घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन बाद में जांच के लिए तैयार हुये। इसी तरह 50 प्रतिशत कमीशन, घोटाले को भी अंततः भाजपा सरकार को स्वीकार करना पड़ेगा। जिस तरह से कर्नाटक की जनता ने भाजपा के 40 प्रतिशत कमीशन राज को उखाड़ फेंका था, वैसे ही मप्र की जनता शिवराज के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को भी उखाड़ फेंकेगी।

# दलसागर तालाब मे विभिन्न विकास कार्यों हेतु किया 05 करोड़ स्वीकृत

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मु यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

**-आडिटोरियम एवं एम.आर. -1 मार्ग निर्माण की डीपीआर बुलायी गयी**



सिवनी यशोः- दलसागर तालाब मे विकास/सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए करोड़ें की स्वीकृति प्रदान करने हेतु विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रमोशन आफ रिवर फ्रंट/वाटर फ्रंट/ कायाकल्प डव्हेलपमेंट योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी को दलसागर तालाब मे विभिन्न विकास/सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 05 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके लिए सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राय द्वारा प्रदेश सरकार के मुखिया यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। इसके साथ ही मु यमंत्री द्वारा सिवनी मे की गयी घोषणाओं पर शासन द्वारा योजनांतर्गत सिवनी नगर मे आडिटोरियम का निर्माण एवं एम.आर. -1 मार्ग निर्माण (छिंदवाड़ा बायपास मार्ग के पास से परतापुर-मुंगवानी मार्ग होते हुए पावरग्रिड के पीछे से जबलपुर मेन रोड तक) की डीपीआर तत्काल बुलवायी गयी है। ताकि स्वीकृति प्रदान की जा सके। ज्ञात हो कि मु यमंत्री जी के सिवनी प्रवास के दौरान विधायक श्री राय द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यों की स्वीकृति हेतु आग्रह किया गया था।

## कृषक ब्याज माफी योजना के लाभांवित किसानों को मिलेगा बिना ब्याज का ऋण

सिवनी यशोः- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सिवनी के मु य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन की मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 अंतर्गत लाभान्वित कृषकों को डिफाल्टरमुक्त किया गया है। शासन के निर्देशानुसार योजना में लाभान्वित कृषकों द्वारा ऋण हेतु आवेदन करने पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर पूर्व कालातीत बकाया मूलधन की राशि तक ऋण प्राप्त करने की पात्रता होगी साथ ही विशेष सुविधा के अंतर्गत उक्त कृषक जितनी राशि अपने ऋण खाते में जमा करेंगे, समिति द्वारा पात्रतानुसार उतनी राशि तक की खाद उन्हे प्रदाय की जावेगी।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने हरियाली महोत्सव मे शामिल हो किया जिम का लोकार्पण

## विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता मे सहभागिता किया



सिवनी यशोः- रविवार 13 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने हरियाली महोत्सव कार्यक्रम मे शामिल होकर ओपन जिम का लोकार्पण किया। तथा अनेक कार्यक्रमों मे शामिल हुए। जिला मु यालय सिवनी के समीपस्थ ग्राम पलारी की पहाड़ी मे विराजमान भगवान शनिदेव जी के सिद्ध धाम शनि मंदिर मे महिला समिति द्वारा आयोजित विशाल हरियाली महोत्सव कार्यक्रम मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी शामिल हुए। जहां पर आपने सर्वप्रथम भगवान शनिदेव जी के विधि विधान से दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात आपने शनिधाम ट्रस्ट महिला समिति द्वारा आयोजित विशाल हरियाली महोत्सव कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे सहभागिता कर उपस्थितों को शुभकामनाएं दीं। तथा पुरुस्कारों का वितरण किया। तदुपरांत विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने भाजपा जिला समन्वयक वेदसिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय सहित स माननीय जनों की गरिमामय उपस्थिति मे फीता काट कर ओपन जिम का लोकार्पण किया। तथा सभी के साथ प्रांगण मे वृक्षारोपण किया। इस दौरान श्री शनि धाम ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री राय का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री प्रहलाद पटेल जी कोनियापार, नरेन्द्र टांक, रामलाल राय, नरेन्द्र ठाकुर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मुनिया टांक संयोजक अटल विचार मंच, अजय पांडे जी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, अखिलेश राय , रु मणी सनोडिया विधायक प्रतिनिधि, अंजू दीदी विधायक प्रतिनिधि, अराधना चौरसिया, कमल अग्रवाल, नीतू नितेन्द्र गुड्डु बघेल, कीर्ति सनोडिया, सुरेन्द्र शेरु माल्या, रंजीत राय, रोहित साहू सहित बडी सं या महिला समितियों की सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन सिवनी विधानसभा विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता मे शामिल हुए। जहां पर आपने फीता काट कर प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया। तथा प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों परिचय प्राप्त कर स्वयं की ओर से टी-शर्ट्स का वितरण किया। इसके उपरांत विधायक दनेश राय मुनमुन बारापत्थर जिला भाजपा कार्यालय के सामने स्थित नवीन फो स ` लब प्रतिष्ठान के शुभारंभ कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# सुपरहिट गीतों से कार्यक्रम में बांधा समा

## कार्यक्रम में उपस्थित गायक



सिवनी यशोः- देश के सबसे लोकप्रिय गायक संगीतकार अभिनेता किशोर कुमार की 94वीं जयंती पर 4 अगस्त को लूघरवाड़ा स्थित अग्रोहा लान में किशोर नाइट कार्यक्रम आयोजित किया गया। आकर्षक एलईडी लाइट से सजे मंच पर सुमधुर गीतकारों ने किशोर दा शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। किशोर दा के गंभीर, चुलबुले, बहुरंगी गीतों की लाजवाब प्रस्तुतियों के साथ एंकर गायक गोविंद अग्रवाल द्वारा किशोर दा के जीवन से जुड़ी रोचक जानकारियां श्रोताओं को दी गई। तालियों व फरमाइशों के बीच एक ओर गायक पराग कटरे ने देखो वीर जवानों, ओ माझी रे, मंजिले अपनी जगह है, आपकी आंखों में कुछ, जैसे सुपरहिट गीतों से समा बांधा तो वही गोविंद अग्रवाल ने झुमरू, चला जाता हू, आके सीधी लगी जैसे गीतों से श्रोताओं को झूमने मजबूर कर दिया। गायिका श्रद्धा साहू व अर्चना टेकाम ने युगल गीतों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कार्यक्रम में सल्लू अग्रवाल, अरिंजय दयाल (ड्र स) अनिल साहू, सुरेंद्र नायडू का योगदान रहा। श्रोताओं के समक्ष अंतरराष्ट्रीय याति प्राप्त तबला वादक किरोड़ी लाल भट्ट की मंच पर उपस्थिति रही। समापन कार्यक्रम सुनील मालू, संजय मालू, डा. अनामिका सुनील अग्रवाल, राजेंद्र जैसवाल, सीमा विजय चौहान, विपनेश जैन, मीना जायसावाल, विजय नाहटा, नरेंद्र कौशल, एडवोकेट दीपक अग्रवाल व सभी संगीतप्रेमी मौजूद रहे।


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें

एप डाउनलोड करें

https://dainikyashonnati.com


**जबरन नॉलेज**




# मेरी माटी मेरा देश अभियान में भाजपा कार्यकर्त्ता उत्साह के साथ शामिल हो

सिवनी यशोः- देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव की शुरूवात 12 मार्च 2021 को की थी जिसका समापन अगस्त माह में होना है । इस दौरान देश की आजादी और आजादी के बाद के गौरव पूर्ण कार्यो के लिये अनेकानेक कार्यक्रम किये किये गये इसी श्रृखंला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के स्वातंत्रता संग्राम सेनानी, सेना और पुलिस के शहीद जवानों के प्रति स मान और उनके गौरव को चिरस्थायी बनाने के लिये कार्यक्रम सरकारी माध्यमों से आयोजित होंगे । इन सभी कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता पूरी क्षमता के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें । मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरे जिले के प्रत्येक गांव में आयोजित होंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन में भाजपा के कार्यकर्त्ताओं की किस प्रकार से सहभागिता होना है इसके लिये विस्तार पूर्वक योजना और योजना के क्रियांवयन के लिये इस कार्यक्रम के लिये भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान को जिले का प्रभारी बनाया गया है तथा उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर को सहप्रभारी बनाया गया है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान अभियान के बाद होगा । आजादी का अमृत महोत्सव के समापन के पूर्व इस कार्यक्रम का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है । इस देश की माटी हम सबको जोड़ती है और इसलिये माटी को नमन और वीरों का वंदन



इस मानसिकता से यह कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ चलाया जाना है । इस अभियान को सरकार गांव गांव तक चलायेगी ।

अभियान के तहत सेना, पुलिस सेन्ट्रल पुलिस फोर्स , राज्य पुलिस फोर्स के कर्मचारी जो दिवंगत हुये है उनके नाम के शिला लेखा हर गांव के स्कूल, पंचायत कार्यालय, जलाशयों के किनारे जहाँ सुविधाजनक हो वहाँ लगाये जायेगें। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये पंच प्राणो की सामूहिक प्रतिज्ञा लेकर सेल्फी अपलोड करना है जिसका सरकारी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा ।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देशअभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें प्रत्येक ग्राम में अमृत वटिका का निर्माण होगा और इस वाटिका में 75 पौधे लगाये जायेगे । इन पौधों के संरक्षण के संकल्प भी लेना है । इसी तरह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, रिटायर्ड सेना के जवान पुलिस कर्मचारी रिटायर्ड या शहीद उनके परिवारों में पहुँचकर उन्हें स मान देने के कार्यक्रम आयोजित करना है स्वाधीनता दिवस पर प्रत्येक गांव में राष्ट्रीय ध्वज फहराना राष्ट्रगान के कार्यक्रम पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें ।

इसके साथ ही 14 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम किये जाये हर घर में उत्साह के साथ तिरंगा लगाये, साईकिल मोटर सायकल में तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित करें ।

इसके पश्चात गांव गांव पवित्र मिट्टी का संकल्प कर विकासखंड मु यालय में एकत्रित कर अमृत कलश बनाये इन सभी अमृत कलशों को दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर अमृत वन शहीदों की स्मृति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बनाया जायेगा ।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत युवा मोर्चा के 14 एवं 15 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री के आव्हान मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त हो रहे आयोजन

सिवनी यशोः- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है एवं इस बार पुनः हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक रूप से चलाने का आव्हान किया गया है। इसी तारत य में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार के नेतृत्व में स पूर्ण मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त 13-14 एवं 15 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया जाएगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 13 अगस्त को सिवनी के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के शहीद स्मारकों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं 14 अगस्त को युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता जिले की सभी पंचायतों में तिरंगा पद यात्रा के माध्यम से भाजपा की राष्ट्वादी विचारधारा का प्रवाह करेंगे। इसके पश्चात 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह युवा मोर्चा जिले के चारों विधानसभा मु यालयों में भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकालेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री युवराज सिंह ने देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत इस तिरंगा यात्रा में विधानसभा के सभी युवाओं से शामिल होने का आव्हान किया है। उक्त जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है।

# सावन में महाकाल पर जमकर हो रही धनवर्षा, 200 करोड़ रुपए का मिला दान



**महाकाल मंदिर में सावन के महीने में धनवर्षा हो रही है। बड़ी सं या में भक्त महाकाल मंदिर पहुंच रहे हैं। उज्जैन कले टर ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकाल मंदिर में सावन के महीने में जमकर धनवर्षा हो रही है। महाकाल मंदिर का खजाना 200 करोड़ रुपए का हो गया है।**

उज्जैन। सावन के महीने में बड़ी सं या में भक्त महाकाल के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। जहां बड़ी सं या में भक्त भोलेनाथ के दर्शन कर रहे हैं। वहीं, बड़ी सं या में मंदिर में दान भी आ रहा है। पहले जहां 70 से 75 करोड़ रुपए का दान मिलता था इस बार अभी तक दान का आंकडा 200 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। सावन का महीना 4 जुलाई से शुरू हुआ है। उसके बाद से ही बड़ी सं या में भक्त महाकाल का दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बार बाबा महाकाल की आखिरी शाही सवारी 11 सितंबर को निकलेगी। महाकाल मंदिर प्रबंधन का दावा है कि भक्तों को बड़ी आसानी से दर्शन मिल रहे हैं।

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कले टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर के दरबार में महाकाल महालोक बनने के बाद श्रद्धालुओ की सं या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। श्रावण मास मे 1 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने से बाबा महाकाल के खजाने मे भी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के पास 40 करोड़ की एफडी थी जो कि अब बढ़कर 200 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि हर महीने मंदिर की दानपेटी खोली जाती है।

**भस्म आरती में शामिल हुए श्रद्धालु**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में सावन महीने में महाकालेश्वर के दर्शन के लिए भक्तों की सं या हर बढ़ती जा रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति श्रद्धालुओं को कम समय में श्री महाकालेश्वर भगवान के सुखद, सरल दर्शन करवाए जाने की व्यवस्था की है। भस्मारती में प्रतिदिन सुबह 2 बजे से सुबह 7 बजे तक लगभग 8 लाख 89 हज़ार 226 भक्तों ने दर्शन किये हैं। यह जानकारी श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने दी।

**महाकाल लोक निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की सं या बढ़ी**

महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की सं या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। वहीं, बाबा महाकाल का खजाना भी लगातार बढ़ता जा रहा है। मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भक्तों की सं या और अधिक बढ़ेगी।

# प्रत्येक विद्यार्थी एक नया इतिहास रच सकता है : मु यमंत्री चौहान

**मामा की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रश्नों के दिए उत्तर**

**मु यमंत्री श्री चौहान ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया स मान**



भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एक नया इतिहास रच सकता है। अपना लक्ष्य तय कर संकल्प शक्ति के साथ कार्य करने से सफलता जरूर मिलती है। दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है, जो हम नहीं कर सकते हैं। अपने देश और समाज के लिए कार्य करने में ही जीवन की सार्थकता है। जीवन कुछ कर गुजरने के लिए है। इसलिए दूसरों की भलाई के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मु यमंत्री श्री चौहान आज रविन्द्र भवन में एक टीवी न्यूज चेनल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के स मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने मामा की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और चेनल के चेयरमेन श्री सुरेश गोयल, अन्य पदाधिकारी और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान से एक छात्रा द्वारा पूछा गया कि आपकी सफलता का मंत्र या ? इस पर मु यमंत्री श्री चौहान ने उत्तर दिया कि लक्ष्य तय कर योजनाबद्ध तरीके से ज़िद और जुनून के साथ कार्य करने से सफलता मिलती है। सफलता के लिए अनुशासन, अच्छा स्वास्थ्य और ध्यान भी जरूरी है। अहंकार को त्याग कर धैर्य और उत्साह से कार्य करें तो कोई भी काम असंभव नहीं है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के कथन ÷तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मास के पुतले नहीं हो, अनंत शक्तियों का भण्डार हो÷को याद दिलाते हुए कार्य करने की समझाइश दी।


एक छात्रा द्वारा पूछा गया कि आप बेरोजगारी भत्ता ` यों नहीं देते हैं? इस पर मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता केवल प्रलोभन है। चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं देती है, पंख देती है, ताकि वह ऊंची उड़ान भर सकें। इसलिए हमने मु यमंत्री सीखो और कमाओ योजना बनाई है। इसे हम 15 अगस्त के बाद शुरू करने जा रहे हैं। योजना में काम सीखने के दौरान स्टाइपेंड देने की भी व्यवस्था की गई है।

एक छात्रा ने अपना सवाल पूछते हुए कहा कि मामा जी आपके द्वारा बहुत सी योजनाएँ भांजे- भांजियों के हित में चलाई गई हैं। आगे हमारे लिए` या करेंगे? मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों में क्षमता है तो पैसा उनकी प्रगति में बाधा बनकर नहीं आए इस लिए प्रदेश में मु यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना बनाई गई है। योजना के तहत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, कानून की पढ़ाई सहित उच्चशिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा उनकी फीस भरी जा रही है। उन्होंने कहा कि भाषा का विद्वता से कोई संबंध नहीं होता है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में कराई जा रही है। बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा नहीं आए इस लिए अपने स्कूल की 12वीं कक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी देने की योजना बनाई गई है। प्रदेश में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा में ग्लोबल स्किल पार्क प्रारंभ कराए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी कौशल प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार से भी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों के द्वारा किए जाने वाले नवाचारों के लिए 100 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को 550 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लिए भरपूर कोशिश की जा रही है। मध्यप्रदेश ज्ञान का केंद्र बने इसके लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने एक छात्र द्वारा अग्नि वीर योजना के संबंध पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने के साथ ही कई कदम उठाए जाएँगे।

एक छात्रा ने पूछा कि मामा जी आपको भांजे-भांजियों से इतना लगाव और प्यार` यों है? मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चे भगवान के रूप होते हैं। उन्हें आगे बढ़ाने की जि मेदारी राज्य सरकार की है। बेटा-बेटियों के भेदभाव को समाप्त करने के लिए भी हमारा प्रयास निरंतर बना रहेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने एक छात्रा के प्रश्न में सामाधान में श्रमिकों के हित में बचपन में उनके द्वारा किए गए एक आंदोलन के संबंध में भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहाकि प्रदेश की प्रगति, विकास और जन कल्याण के लिए उनके द्वारा निरंतर कदम उठाए जाते रहेंगे।

# रूस के लूना-25 और भारत के चन्द्रयान दोनों के मिशन मून पर विज्ञानियों का फोकस



कानपुर, जासं। रूस के शुक्रवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लूना-25 भेजने के साथ ही अब विज्ञानियों की नजर रूस और भारत दोनों के मिशन मून पर टिक गई है। रूस का लूना-25 भारत के चंद्रयान -3 से पहले चंद्रमा पर उतर सकता है लेकिन विज्ञानियों को भारत के चंद्रयान से ज्यादा शोध आंकड़े मिलने की उ मीद है। लंबा चक्कर लगाकर चंद्रमा पर पहुंचने वाले चंद्रयान-3 में ईंधन का प्रयोग कम करने से अधिक वैज्ञानिक जांच उपकरण ले जाए गए हैं।

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने के लिए निकले भारत के चंद्रयान-3 और रूस के लूना-25 पर आइआइटी कानपुर के विज्ञानियों ने भी नजर गड़ा रखी है। लूना-25 को रूस ने चंद्रमा की ओर शुक्रवार 11 अगस्त को रवाना किया है। यह सीधे चंद्रमा की ओर जा रहा है और पांच दिन में चंद्रमा के ऊपर 100 किमी की कक्षा में पहुंच जाएगा।

पृथ्वी से सीधे चंद्रमा तक जाने के लिए लूना-25 को अधिक ईंधन खर्च करना पड़ा है इसलिए वह अपने साथ सीमित जांच उपकरणों को लेकर जा रहा है। वह एक साल तक चंद्रमा पर रहेगा। इसके विपरीत चंद्रयान-3 लंबी दूरी का चक्कर काटकर चंद्रमा पर पहुंच रहा है। ईंधन खर्च कम से कम करने की रणनीति से चंद्रयान ने पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण को सीधे चुनौती देने के बजाय उसकी शक्ति का प्रयोग आगे बढ़ने में किया है। वह दो सप्ताह तक चंद्रमा पर रहेगा लेकिन पृथ्वी पर ज्यादा जानकारी दे सकेगा।

आइआइटी कानपुर के विज्ञानी व भू विज्ञान विभाग के प्रो. दीपक ढींगरा के अनुसार लूना - 25 और चंद्रयान-3 से मिलने वाले जांच आंकड़ों में सभी विज्ञानियों की दिलचस्पी है। लूना-25 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 21 अगस्त को उतारने की तैयारी है जबकि चंद्रयान-3 वहां 23 अगस्त को उतरेगा। इससे चंद्रमा पर सबसे पहले पहुंचने के साथ ही दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का रिकार्ड भी रूस के नाम दर्ज हो जाएगा लेकिन चंद्रयान-3 से चंद्रमा के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाई जा सकेगी।

चंद्रयान- 3 का वजन 1752 किग्रा है। वहीं लूना का वजन 800 किग्रा है। चंद्रमा तक पहुंचने के लिए लूना को ज्यादा ईंधन खर्च करना पड़ा है इसलिए वह उसका पेलोड कम है। चंद्रयान का आर्बिट्रेटर इस दौरान परावर्तित प्रकाश की मदद से पृथ्वी जैसे अन्य ग्रहों की खोज भी करेगा। लूना-25 से इतनी अधिक जानकारी मिलने की संभावना नहीं है।

## 10 लाख से अधिक की ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिर तार

इंदौर। इंदौर की चोइथराम मंडी में ब्रोकर का काम करने वाले एक फरियादी ने थाना राजेंद्र नगर पर 10 लाख से अधिक की ठगी का एक मामला दर्ज कराते हुए खुद के साथ न्याय मांगने की अपील पुलिस प्रशासन से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**यह है मामला**

डीसीपी आदित्य मिश्रा के अनुसार राजेंद्र नगर थाना में धोखाधड़ी का जो मुकदमा दर्ज हुआ है उसमें आरोपी नेपाल का रहने वाला है और मामले में तस्दीक करने के बाद इस बात का खुलासा भी हुआ कि यह घटना कारित करने वाले आरोपी ने और भी अन्य 6 ड्ड 7 लोगों से इस तरह की लाखों रुपए की ठगी की है। मीडिया को जानकारी देते हुए डीसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में 2 लोगों की गिर तारी की गई है दोनों ही पति-पत्नी इस तरह की हेराफेरी में शामिल होना पाए गए हैं साथ ही घटना के प्रकाश में आने के बाद थाना राजेंद्र नगर के प्रभारी द्वारा चोइथराम मंडी जाकर समझाइश के साथ साथ मंडी टै स की रसीद अभी पुलिस ने उपलब्ध कराने की बात भी पुलिस ने व्यापारियों से की है। धोखाधड़ी के मामले में कई लोगों के आवेदन होने की बात कहते हुए इस बात का अनुमान भी डीसीपी ने लगाया कि धोखाधड़ी करोड़ों की भी हो सकती है।

# श्रावण में टूटा प्रसादी बिकने का रिकार्ड; 40 दिन में महाकाल को भोग में चढ़े आठ करोड़ से अधिक के लड्डू



उज्जैन। एक जुलाई से नौ अगस्त तक 1804 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद का निर्माण हुआ, लगभग 45 क्विंटल लड्डू का निर्माण प्रतिदिन किया गया। भक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर के आंतरिक और बाहरी परिसर में स्थित काउंटर से 40 दिन में आठ करोड़ का लड्डू प्रसाद ले गए।

श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में श्रावण माह में श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड आगमन हो रहा है। श्री महाकाल महालोक बनने के बाद श्रावण माह में चार जुलाई से लेकर अब तक एक करोड़ पांच लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर चुके हैं। दर्शन हेतु आने वाले भक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर के आंतरिक और बाहरी परिसर में स्थित काउंटर से 40 दिन में आठ करोड़ का लड्डू प्रसाद ले गए।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबन्ध समिति के प्रशासक एवं अपर कले टर संदीप कुमार सोनी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति दर्शनार्थियों को पर्याप्त मात्रा में सरलता से लड्डू प्रसाद उपलब्ध करवाया। श्रावण माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक जुलाई से नौ अगस्त तक 1804 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद का निर्माण हुआ, लगभग 45 क्विंटल लड्डू का निर्माण प्रतिदिन किया गया। लड्डू प्रसाद विक्रय हेतु मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए काउंटर लगाए गए हैं। काउंटरों के माध्यम से 8 करोड़ 51 लाख 81 हजार 244 के लड्डू प्रसाद का विक्रय अब तक हुआ है।

# प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रूपए पेंशन

भोपाल । केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

इस योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगा एवं उतनी ही राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है।


इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा। प्रीमियम की प्रथम किश्त श्रमिक के आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रूपये कॉमन सर्विस सेंटर में नगद जमा की जाएगी।

## 15 अगस्त को लेकर रेलवे स्टेशनों पर तगड़ी चेकिंग

भोपालः मध्यप्रदेश में भी 76वें स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। राजधानी भोपाल में लाल परेड मैदान पुलिस परेड के लिए तैयार है। वहीं, राजधानी में किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो। इसके लिए आरपीएफ एँ टव हो गई है। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर सघन जांच की जा रही है।

दरअसल, स्वतंत्रता दिवस को सफल बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को और पु ता करने के लिए भोपाल मंडल में आने वाले रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों पर सघन जांच की जा रही है। स्टेशनों की सीसीटीवी की सहायता से मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके लिए आरपीएफ ने जीआरपी, सिविल पुलिस और रेलवे प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।

# साल में केवल एक बार नागपंचमी पर्व पर खुलते है नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट



भोपाल। नागपंचमी पर्व 21 अगस्त 2023 के अवसर पर दर्शनार्थियों के लिए दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। दर्शन व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों एवं निर्धारित मार्ग का आज संभागायुक्त डॉ. संजय गोयल, पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक अनिल कुशवाह, कले टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने निरीक्षण किया तथा दिशा-निर्देश दिए।

संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने कर्कराज पार्किंग से दर्शनार्थियों के लिए की गई पार्किंग व्यवस्था एवं भील समाज की धर्मशाला पर जूता स्टैंड बनाने व हरसिद्धि पार्किंग पर जिकजेक आदि बनाने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने कर्कराज पार्किंग पर कीचड़ से बचने के लिये मुरम डलवाकर रोलर चलवाने तथा व्यवस्थित पार्किंग करवाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। पूर्व में शिवरात्रि के अवसर पर की गई व्यवस्थाओं के अनुरूप मन्नत गार्डन पार्किंग से कर्कराज पार्किंग तक वाहन व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है।

संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक इसके बाद हरसिद्धि मन्दिर होकर चार न बर गेट से होकर एयरो ब्रिज तक पहुंचे। इसी मार्ग से नागचंद्रेश्वर के दर्शन हेतु दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। एयरो ब्रिज से होकर वरिष्ठ अधिकारीगण नागचंद्रेश्वर मन्दिर परिसर में गए तथा वहां पर उन्होंने दर्शन व्यवस्था एवं दर्शनार्थियों के मूवमेंट की जानकारी ली एवं दिशा-निर्देश दिए। एयरो ब्रिज की मजबूती के लिए लोक निर्माण विभाग से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिये कहा गया है।

**ऐसी रहेगी दर्शन व्यवस्था**

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक को बताया कि दर्शनार्थी भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर एयरो ब्रिज से होकर सभा मंडप के ऊपर से होकर निर्गम मार्ग से निकलकर पुनः हरसिद्धि वाले मार्ग से होकर झालरिया मठ होते हुए भील धर्मशाला जूता स्टैंड तक पहुंचेंगे। भगवान नागचंद्रेश्वर एवं भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए पृथक-पृथक लाइन हरसिद्धि जिकजैक में लगाई जाएगी। भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों को त्रिवेणी संग्रहालय, महाकाल लोक होकर मानसरोवर प्रवेश द्वार तक पहुंचाया जाएगा। यहां से टनल में होकर दर्शनार्थी भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर निर्धारित निर्गम द्वार से निकलेंगे।

**20 अगस्त की रात 12 बजे खुलेंगे पट**

इस वर्ष नागपंचमी पर्व 21 अगस्त को है। 20 अगस्त की रात 12 बजे से भगवान नागचंद्रेश्वर के पट खुलेंगे तथा 21 अगस्त 2023 की रात्रि 12 बजे तक दर्शन होंगे। इस वर्ष नागपंचमी के अवसर पर भगवान महाकालेश्वर की सवारी भी निकलेगी।

# बालिका सुधार गृह में पानी पीते ही 11 बच्चियों की अचानक बिगड़ी तबीयत, जेपी अस्पताल में भर्ती



भोपाल। राजधानी भोपाल के कमला नगर स्थित बाल सुधार बालिका गृह में बीती रात 11 नाबालिग लड़कियों के अस्वस्थ होने का मामला बढ़ता ही जा रहा है। देर रात तक फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया जा रहा था। लेकिन देर रात दो किशोरियों ने पानी पीने के बाद स्वास्थ्य खराब होने, उल्टियां आने की जानकारी दी है। इसके बाद आज सुबह अधिकारियों की टीम विशेषज्ञों के साथ बालिका सुधार गृह के पानी की टंकी की जांच करने पहुंची है। वहीं रविवार सुबह बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग की सदस्या निवेदिता शर्मा भी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचीं। हबीबगंज और टीटी नगर, कमला नगर थाने के पुलिस अधिकारी जेपी अस्पताल में सुरक्षा में तैनात हैं। अब सभी बच्चियों की हालत में सुधार है, लेकिन जिन बच्चियों की तबियत बिगड़ी थी, उसमें 4 नाबालिग एक यौन शोषण मामले में एक बड़े व्यक्ति के मामले की गवाह बताई जा रही हैं।

हबीबगंज थाना प्रभारी मनीषराज सिंह भदौरिया ने बताया कि अस्पताल में स्वस्थ हैं। बच्चियों के पूर्ण स्वस्थ होने पर पुलिस सभी के बयान दर्ज कर आगे कार्रवाई करेगी। वहीं जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव के अनुसार सभी 11 किशोरियों की उल्टी, यूरिन और पेट के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। सभी सैंपल की जांच टॉ सकोलॉजी लैब में पुलिस कराएगी। सैंपल जांच के लिए भेजने हबीबगंज पुलिस को ही सौंपे गए हैं।

**पानी में कुछ मिलाने की आशंका**

इधर दो किशोरियों द्वारा खाना खाने के कुछ देर बाद पानी पीने के बाद उल्टियां होने की शिकायत की है। पानी पीने के 15 मिनट के अंदर एक साथ बच्चियों का स्वास्थ खराब होने, बेहोशी की हालत होने, उल्टियां होने से पानी में कुछ मिलाकर देने की आशंकर जताई जा रही है। आज प्रशासन की भी एक टीम बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों के साथ बालिका सुधार गृह का निरीक्षण करने पहुंच रही है।

# कार्यकर्ता के परिश्रम और संगठन की संरचना शक्ति से चुनाव में भाजपा की जीत होगी – फग्गन सिंह कुलस्ते

## निवास वा बिछिया विधानसभा का कार्यकर्ता स मेलन संपन्न

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश में भाजपा की शिवराज सरकार के नेतृत्व में प्रत्येक गांव ,टोला,मंजरों नगर व शहर तक विकास के कार्यो से प्रदेश



की तस्वीर बदली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में गरीब कल्याण के क्षेत्र में देशभर में भागीरथी कार्य हुए, भारतीय जनता पार्टी का संगठन आज बूथ से लेकर मतदाता सूची के पन्ना तक कार्य में जुटा है इसलिए कार्यकर्ता के परिश्रम संगठन की संरचना शक्ति के निरंतर कार्य और मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अथक परिश्रम के कारण विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी निश्चित ही चुनाव जीतेगी उक्त आशय के उद्गार निवास विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता स मेलन में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के कारण प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों में निरंतर विकास की इबारत लिखी जा रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ जीता, चुनाव जीता का संकल्प दोहराया निवास विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता स मेलन में बड़ी सं या में नारायणगंज बीजाडांडी निवास बबलिया बकोरी के कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे, इस अवसर पर जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री आशीष दुबे जेडीए के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनोद मिश्रा जिला विस्तारक चंद्रप्रकाश मिश्रा पूर्व विधायक श्री रामप्यारे कुलस्ते विधानसभा विस्तारक के के तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर जिला उपाध्यक्ष संजीत पांडे शिव पुशाम कृष्णकुमार चौकसे डॉ विजय सरवटे,शैलेश मिश्रा जगत मरावी रमेश चौकसे सहित मंडलों के अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ बूथअध्यक्ष प्रभारी एवम अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मणिपुर हिंसा चाइना का षडयंत्र का हिस्सा- सांसद

## फोरलेन का डीपीआर तैयार हो रहा – जल्द होगी शुरूवात

बालाघाट यशोः- मणिपुर घटना को लेकर जनजातीय समाज को गुमराह किया जा रहा है मणिपुर मामले में विरोधियों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है और संसद में चर्चा के समय भाग जाना चर्चा के दौरान प्रतिप्रश्न के माध्यम से चर्चा को दूसरी दिशा में लेजाने का काम विपक्ष द्वारा किया जाता है । जनजातिय समाज को भ्रमित किया जा रहा है उनमें नफरत का वातावरण बनाने के लिये विरोधी षडयंत्र कर रहे है । मणिपुर की हिंसा सुनियोजित है इसमें चीनी हथियारों का मिलना स्पष्ट करता है कि देश का माहौल बिगड़ने के लिये विरोधी सक्रिय है । सिवनी बालाघाट सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने संसद सत्र समाप्त होने के पश्चात बालाघाट पहुँच कर लोकसभा क्षेत्र से संबंधित विषयों के साथ मणिपुर हिंसा के संबंध में पत्रकारों से चर्चा की और पत्रकारों के सवालों के जबाव भी दिये ।



उन्होंने समाज के प्रबुद्वजनों से आव्हान किया कि मणिपुर घटना की पृष्ठभूमि पर गंभीरता के साथ विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के विकास अधिकार तथा उनकी संस्कृति की रक्षा करने का आजाद भारत में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

### नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की होगी स्थापना

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार 50 हजार करोड़ की लागत से सरकार नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करने जा रही है। यही नहीं लोकसभा में सरकार द्वारा कई ऐसे बिल पेश किए हैं, जिससे नये भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हक में एक बिल पेश किया गया है। पूर्व में जहां किसानों के खेत में ज्यादा पेड़ हो जाने पर उसे वन का दर्जा देकर उसकी कटाई को लेकर अनुमति लेनी पड़ती थी, लेकिन सरकार द्वारा फारेस्ट के इस नियम में संशोधन कर बिल लाया गया है।

डां. बिसेन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये बताया कि लखनादौन से रायपुर तक निकलने वाले फोरलेन का डीपीआर तैयार हो रहा है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कभी भी घोषणा कर सकते हैं। श्री बिसेन ने अपने कार्यकाल में किए गए बड़े कार्यो की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा में चाइना कने शन होने की बात कही । सांसद बिसेन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, विदेश में जाकर जिस पत्रकार से चर्चा करते हैं, उसी पत्रकार ने चाइना से उनके संबंध और मणिपुर हिंसा के चाइना कने शन को लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की। इसका हवाला देते हुए बताया कि इस मामले में कुछ पत्रकारों को भी फंड मुहैया करवाया गया।

### हिंसा में मिल रहे चीन के हथियार

सांसद ने कहा कि लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा था, लेकिन इस पर सरकार के रूख के रवैये पर खड़े हो रहे प्रतिप्रश्न से पहले ही और किसी विषय पर चर्चा करने लगे। मीडिया रिपोर्ट्स में वर्ष 2021 में मणिपुर हमले की जि मेदारी लेने वाले पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी को चाइना द्वारा दी गई फंडिग, चीन में बनने वाली बाइक और मणिपुर हिंसा में हमलावरों के पास मिल रहे चाइना हथियार को लेकर, यह शक जाहिर किया जा रहा है।

### विपक्ष जबाव सुना नहीं चाहता, भ्रम फैलान फितरत है

बालाघाट सांसद ढालसिंह बिसेन ने कहा कि मणिपुर के हालत सुधर रहे हैं, स्थिति सामान्य होती जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर मणिपुर हिंसा मामले में राजनीति करने और मणिपुर हिंसा को लेकर सांसद नहीं चलाने देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदीजी जवाब देने सदन में पहुंचे तो विपक्षी सदन से भाग खड़ा हुआ । विपक्ष सच्चाई सुनना नहीं चाहता और सड़को पर आकर भ्रम फैलाने का काम करता है ।

### अनावश्यक कानूनों को रद्द किया

इससे किसान पेड़ों को ना केवल कटवा सकता है। बल्कि उसे बेचने का अधिकार भी मिल गया है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, डिजिटल डाटा प्रोटे शन, मिनरल, सोसायटी ऐ ट, जनविश्वास बिल और अंग्रेजों के समय से पुलिस में चले आ रहे अनावश्यक कानूनों को रद्द कर संशोधित किया गया है। जिसका असर और फायदा भविष्य में नजर आएगा।

### सिवनी और बालाघाट स्टेशनों का होगा कायाकल्प

उन्होंने बताया कि थर्ड लाइन और गोंदिया आरओआर रेलवे ब्रिज के बन जाने के बाद बालाघाट से यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर आ रही समस्या हल हो जाएगी। यही नहीं उन्होंने अमृत भारत स्टेशन में बालाघाट और सिवनी स्टेशन के कायाकल्प होने और बालाघाट अंडरपास ब्रिज के जल्द ही काम प्रारंभ होने की बात कही। उन्होंने बताया कि बैहर क्षेत्र में 256 करोड़ की लागत से पुल-पुलियों और सड़कों का निर्माण, लामता से समनापुर के बीच अटके ब्राडगेज निर्माण में फारेस्ट एनओसी का मामला, कटंगी से तिरोड़ी, रेलवे की सेकंड लाइन सर्वे, मलाजखंड में केन्द्रीय विद्यालय का नवीन भवन सहित ऐसे कई कार्य है, जो उन्होंने अपने कार्यकाल में कराए हैं। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष संजय गौतम, संजय खंडेलवाल, जेडआरयूसी सदस्य मोनिल जैन, सांसद प्रतिनिधि अरूण राहंगडाले, मनोज क्षीरसागर और सिद्धांत पाटिल मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत शहीदों की स्मृति में स्थापित किए जा रहे शीलाफलक

## अभियान अंतर्गत सांसद डॉ बिसेन ने किया लोकतंत्र सेनानी का किया स मान

सिवनी यशोः- शहीद, वीर और वीरांगनाओं को स मान देने के लिए स पूर्ण देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले में भी शहीदों की स्मृति में शीलाफलकम (स्मारक) स्थापित कर जनसमुदाय द्वारा पंच प्रण की शपथ ली जा रही है तथा वसुधा वंदन अंतर्गत अमृत सरोवरों, तालाबों के आसपास, पंचायत कार्यालयों, विद्यालय, महाविद्यालयों जैसे सार्वजनिक स्थानों में पौधों का रोपण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अभियान अंतर्गत सांसद डॉ ढालसिंग बिसेन ने ग्राम पंचायत अरी में लोकतंत्र सेनानी श्री हरिराम चौधरी का शॉल-श्रीफल भेंट कर स मान किया।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मैं शहीदों की शिलालेख का लोकार्पण किया

छपारा यशोः- जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चमारी खुर्द में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा



देश अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वीर शहीदों की शिलालेख का लोकार्पण एवं वीर शहीदों के पुत्र का स मान किया गया इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ओम राजपूत ग्राम पंचायत चमारी की सरपंच श्रीमती राधा धीर सिंह भलावी अजय चौबे रामदास ठाकुर रोहित ठाकुर ग्राम पंचायत के सचिव रफीक अंसारी आर ई एस के उपयंत्री संतोष उरकरे पी सी ओ अशोक उईके पी सी ओ रामकृष्ण झारीया हीरेन्द्र ठाकुर सहायक सचिव कुमदेश ठाकुर आदि बडी स या मे लोग उपस्थित थे

# जीत का संकल्प लेकर कार्यकर्ता कार्य में जुटे- फग्गनसिंह कुलस्ते



### मण्डला विधानसभा का कार्यकर्ता स मेलन संपन्न

मण्डला यशोः- विधानसभा क्षेत्र मण्डला के कार्यकर्ता स मेलन में संबोधित करते हुए केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के परिश्रम तथा प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संकल्प के कारण मध्यप्रदेश विकास की ओर निरंतर अग्रसर है, देश और प्रदेश की जनसेवा को समर्पित सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी सामाजिक समरसता तथा विकास के नित नये कीर्तिमान रचने वाली भाजपा सरकार पुनः मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का परचम फहराए इसलिए कार्यकर्ता आज से जीत का संकल्प लेकर अपने मिशन में जुट जायें उक्त आशय के उदगार केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कार्यकर्ता स मेलन में व्यक्त किया।

### मणिपुर की घटना को लेकर सरकार विरोधी नारे उचित नहीं

कार्यकर्ता स मेलन में केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि आदिवासी दिवस में सरकार के विरोध में जिस तरह से नारे लगाये गये वो चिंता का विषय है, यदि जनजातीय समाज ऐसा गुमराह होगा तो विकास कैसे हो सकेगा। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आव्हान किया कि मणिपुर घटना की पृष्ठभूमि पर गंभीरता के साथ विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के विकास अधिकार तथा उनकी संस्कृति की रक्षा करने का आजाद भारत में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

### मण्डला में शीघ्र मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी जायेगी

श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा स्वीकृत मेडिकल कॉलेज की आधारशिला शीघ्र रखी जायेगी। मेडिकल कॉलेज की भूमि आवंटन को लेकर प्रक्रिया वन पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार में चल रही है, चूंकि जिस भूमि में मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रस्तावित है वह वन विभाग की भूमि है, इसलिए भूमि आवंटन में विलंब हुआ है, प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मण्डला में आयोजित जनसभा में मेडिकल कॉलेज राजा हिरदेशाह के नाम से रखे जाने की बात कही है।

### विशाल ह्दय के साथ संगठन का कार्य करें– डॉ विनोद मिश्रा

विधानसभा कार्यकर्ता स मेलन में डॉ विनोद मिश्रा ने कहा कि इन दिनों विपक्ष एकजुट होकर देश की सर्वस्पर्शी जनसेवा को समर्पित भाजपा नीत एनडीए के विरोध में नये-नये प्रकार के दुष्प्रचार और हथकंडे अपनाकर देश में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है भाजपा कार्यकर्ता को इनके सामने एकजुटता के साथ खड़े होकर उसका करारा जवाब देना होगा। विशाल ह्दय के साथ संगठन का कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करना हमारी जि मेदारी है, उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को मूल तत्व को समझकर कार्य करना चाहिए उन्होंने जीत के विभिन्न मूलमंत्र से अवगत कराते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनओं एवं क्षेत्र के विकास में भाजपा सरकार के योगदान के विषय को लेकर जनता के बीच जाना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जाने वाले संगठनात्मक कार्यो की विस्तृत रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से मेरी पार्टी अच्छी पार्टी, अच्छी पार्टी मेरी पार्टी का संकल्प दोहराया स मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विधायक देवसिह सैयाम, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमति संपतिया उइके, पूर्व विधायक शिवराज शाह, जिला संयोजक रतन ठाकुर, डॉ मुकेश तिलगाम, ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर जिला विस्तारक चंद्रप्रकाश मिश्रा, अंजनी तिवारी, निरंजन राठोर, भगवती श्रीधर, विनोद कछवाहा, मीना हरदहा, ओमवती उइके, पूर्व जिलाध्यक्ष बालकिशन खण्डेलवाल, प्रमोद सिंघई, रोचीराम गुरवानी उपस्थित रहे।

# टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिए ऑनलाईन करें आवेदन

मण्डला यशोः- म0प्र0 आदिवासी वित एवं विकास निगम भोपाल के माध्यम से नवीन योजना टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना में 399 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। योजना के तहत बैंक द्वारा 10 हजार से 1 लाख रू. स्वीकृत किया जायेगा। बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित ऋ्ष्टा राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षो तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदन के लिए आवेदक को एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आदिवासी आवेदक के पास एक फोटो, साक्षर, स्थाई जाति, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र जो 12 लाख से कम का हो, आयु 18 से 55 के बीच, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, कोटेशन एवं पेन कार्ड की आवश्यकता होगी। इच्छुक आदिवासी आवेदक विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय म0प्र0 आदिवासी वित एवं विकास निगम मण्डला से स पर्क करें या मो0नं0 7724025461 से भी संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश सरकार की बड़ी तैयारी, छोटे शहरों में भी संचालित होगी दीनदयाल रसोई, आम जनता को मिलेगा लाभ

भोपाल। मध्यप्रदेश में लगातार विकास कार्य देखने को मिल रहा है। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कई जिलों में विकास कार्य का लोकार्पण और भूमि पूजन कर रहे हैं। अभी किसानों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। प्रदेश के लाखों किसानों को सीएम किसान कल्याण निधि योजना के तहत केंद्र के समान ?6000 तीन किस्तों में उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए भी शिवराज सरकार ने खजाना खोला है।



वहीं अब हितग्राहियों के लिए शिवराज सरकार द्वारा बड़ी तैयारी की जा रही है। गरीब और मजदूरों को भूखे पेट ना रहना पड़े। इसके लिए अब शिवराज सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी दीनदयाल रसोई खोलने की तैयारी में है। छोटे शहरों में भी दीनदयाल रसोई खोली जाएगी। 10 की जगह ?5 में गरीबों और मजदूर वर्ग को भरपेट भोजन कराया जाएगा। सरकार की योजना के तहत छोटे शहर और खास करके औद्योगिक इलाके वाले शहरों में ?5 में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। नए दीनदयाल रसोई केंद्र खोलने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### 25 चलित और 66 स्थाई दीनदयाल रसोई केंद्र खोले जाएंगे

बता दें कि प्रदेश में करीब 100 रसोई केंद्र का संचालन किया जा रहा है। अभी तक इस तरह के रसोई केंद्र प्रदेश के बड़े शहरों में ही संचालित किए जा रहे थे लेकिन अब सरकार ने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी संचालित करने की योजना तैयार की है। प्रदेश सरकार की तैयारी के तहत नए रसोई केंद्र खोले जाने हैं। उनमें 25 चलित और 66 स्थाई दीनदयाल रसोई केंद्र को शामिल किया गया है। सरकार की योजना के अनुरूप अभी तक ?10में भोजन की एक थाली उपलब्ध कराई जाती थी लेकिन अब इस काम करते हुए ?5 में थाली उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।

### इन क्षेत्रों में संचालित होगी दीनदयाल रसोई

सरकार द्वारा की गई तैयारी के तहत प्रदेश में खुलने वाले इन केदो पर 23 करोड रुपए की लागत का अनुमान जताया गया। हर केंद्र पर करीब 25 लख रुपए खर्च हो सकते हैं। इसके लिए एकमुश्त राशि नगर निकायों को उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत इंदौर में चार, भोपाल में तीन, जबलपुर में 2, इंदौर और सतना में एक एक नए केंद्र खोले जाने की तैयारी की गई है। इसके तहत 1000 लोगों को भोजन कराने का लक्ष्य हर दिन निर्धारित किया गया है। द्वितीय श्रेणी में उज्जैन मुरैना कटनी सिंगरौली देवास बुरहानपुर सागर रतलाम खंडवा में एक-एक केंद्र खोले जाने की भी तैयारी की जाएगी। जहां हर दिन 500 लोगों को भोजन करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। तृतीय श्रेणी में मंडीदीप और पीथमपुर में खोले जाने वाले एक-एक केंद्र में 250 लोगों के भोजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### स्थाई रसोई केंद्र यहाँ खोले जाएंगे

स्थाई रसोई केंद्र मंडीदीप, पीतमपुर ,आष्टा, गंज बासौदा, सिरोंज, गोहद, राघोगढ़, डबरा, इटारसी, सेंधवा, बीना, खुरई, मकरोनिया, जावरा, सुजालपुर, नागदा, बुधनी, मनावर, बड़नगर, पांढुर्णा, सौसर, चौरई, अमरवाड़ा, मुलताई, बेगमगंज, ब्यावर, हटा, करेली, बिजुरी, चंदेरी, महाराजपुर, महिदपुर, सिवनी, मालवा, जमुना, नौगांव, पिपरिया, सहारनपुर, अंबा, बैरसिया, गढ़ाकोटा, गोटेगांव, मलाजखंड, नैनपुर नरसिंहगढ़, नेपानगर, पाली, पनागर, पसाना, पोरस, संभलगढ़ और सिहोरा में खोले जाने की तैयारी की जारी है।

### कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

बीते दिनों सीएम शिवराज ने कई महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए निर्णय को मंजूरी दी है। पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने के साथ ही कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 4 फीसद की वृद्धि की गई है। वहीं पेंशनर्स के भी महंगाई राहत वृद्धि के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों को 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर समय मान वेतनमान का लाभ दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मचारियों के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिसके साथ उनके वेतन में भारी वृद्धि देखी जाएगी। इसके साथ ही लाडली लक्ष्मी योजना लाडली बहना योजना सहित अन्य कई योजनाओं से प्रदेश के युवा सहित छात्र-छात्राएं और महिलाएं लाभान्वित हैं।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें –https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297